तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 28 मई 2025

14 पीएम आवास योजना में भूमिहीन हितग्राहियों की हो रही ...



12 टाउनशिप की समस्या को लेकर जन प्रतिनिधियों ...





## खबर संक्षेप

### रामदेव मंदिर में चंद्रदर्शन महाआरती आज



**बालोद**। श्री बाबा रामदेव मंदिर में 28 मई बुधवार ज्येष्ठ शुक्ल 2 को चंद्रदर्शन महाआरती का आयोजन मंदिर परिसर में संध्या 7:30 बजे से होगा। मंदिर समिति प्रमुख बाबूलाल जैन ने समस्त भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

**बालोद**। जिला मुख्यालय के अटल आवास से आगे पाररास मुक्तिधाम के पास धारदार चाकू दिखाकर लोगो को डराने वाले मो. सभान कुरैसी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पाररास पहुंच मार्ग पर मुक्तिधाम के पास एक व्यक्ति आने जाने वाले लोगो को चाकू दिखा रहा था इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुचकर युवक से चाकू के संबंध मे पूछताछ की। वैध दस्तावेज मांगने पर युवक दस्तावेज प्रस्तुत नही कर सका। उसके बाद बालोद थाने मे युवक के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कार्यालय का शुभारंभ 29 मई को

**बालोद**। जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर अपने नवीन कार्यालय जिला पंचायत कार्यालय बालोद में शुभ प्रवेश करने जा रही है। जिसके तहत नवीन कार्यालय प्रवेश कार्यक्रम 29 मई को आयोजित किया गया है। जिसमे सुबह 10 बजे पूजन एवं हवन कार्यक्रम होगा।

### भालुकोन्हा में की गयी नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना



**डौंडीलोहारा**। समीपस्थ ग्राम भालुकोन्हा के त्रिवेणी चौक में सोमवार को शिव चतुर्दशी और वट सावित्री दिवस पर महिलाओं द्वारा महतारी वंदन के मिले पैसे को जोड़कर सराहनीय कार्य किया गया और धार्मिक कार्य नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग स्थापना किया गया जिसमें प्रमुख रूप से प्रेम बाई, पूर्णिमा साहू, रमहोतिन बाई, ख़ोमिन बाई, कविता बाई, अम्बा बाई, रजनी, कुमारी बाई, कला बाई, उमेश साहू, जनक ठाकुर, बालक राम, गैंदलाल, नंदू, ढालसिंग,योगेश, मोहन, पेमन, मनीष का विशेष सहयोग रहा।

### खोलझर में सुशासन तिहार 29 को

**डौंडीलोहारा**। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा जनकल्याणरी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य को लेकर सुशासन तिहार के रूप में 2025 के अंतर्गत 29 मई दिन-गुरुवार को समय प्रातः 10 बजे से विकास खण्ड के ग्राम खोलझर के शासकीय हॉई स्कूल मैदान में समाधान शिविर का आयोजन रखा गया है,उक्त शिविर में तुमड़ीकसा, चिखली, भंवरमरा, अरजपुरी, खोलझर, पिंगाल, किल्लेकोडा, झरनटोला, कोसमी, खड़बत्तर, बंजारी, जाटादाह, बगईकोन्हा, माड़यिकट्टा, सहगांव पंचायत को शामिल किया गया है, इस समाधान शिविर में 15 पंचायत के समस्त ग्रामीणों को अपनी अपनी समस्याओं का निराकरण कराने के लिए आवेदन लगाकर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं। अतः आस पास के समस्त ग्रामीणों से अपील है कि इस महत्वपूर्ण समाधान शिविर में भाग ले सकतें हैं और अपना समस्याओं का निराकरण करा सकतें हैं।

# अंचल में मानसून की आहट के बीच खाद संकट, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

मानसून की पहली बौछारों की आहट के साथ ही जहां एक ओर किसानों ने खेतों की तैयारी शुरू कर दी है, वहीं दूसरी ओर खाद की भारी किल्लत ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा में डीएपी और यूरिया जैसे प्रमुख उर्वरकों का अभाव बना हुआ है, जिससे सैकड़ों किसान खाद के लिए भटकने को मजबूर हैं। समिति में पंजीकृत 2192 कृषक सदस्य कुसुमकसा, धुरवाटोला, करियाटोला, शिकारी टोला, गिधाली, बकलीटोला, चिपरा, जुनवानी, देवपांडुम, रजही, भर्रीटोला 43, अरमुरकसा जैसे गांवों से खाद-बीज लेने पहुंचते हैं। लेकिन इस बार न तो गोदामों में खाद है, न ही किसान की मांग का कोई स्थायी समाधान नजर आ रहा है।

**डिमांड आठ गाड़ियों की, मिला सिर्फ एक गाड़ी का आबंटन :** समिति प्रबंधक के अनुसार, मार्च माह में पोटाश उपलब्ध कराया गया था और यूरिया की 30 टन खेप पहले ही वितरित हो चुकी है। डीएपी का अब तक कोई आवंटन नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार समिति से यूरिया के लिए 8 गाड़ियों की डिमांड भेजी गई थी, परंतु केवल एक गाड़ी खाद ही मिली है। इस कारण किसान सुबह से ही सोसायटी परिसर में लाइन लगाकर नंबर लगाने की मशक्कत कर रहे हैं। ▸▸ शेष पेज 13 पर

## कुसुमकसा सेवा सहकारी समिति में खाद की भारी कमी

### खुले बाजार से महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर किसान

सरकारी गोदामों में खाद नहीं होने के कारण किसानों को खुले बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। कुछ किसानों ने व्यथित होकर कहा कि एक ओर सरकार सुशासन तिहार मना रही है और दूसरी ओर हम खाद के लिए दर-दर भटक रहे ▸▸ शेष पेज 13 पर



### खेती की तैयारी अंतिम चरण में

मानसून के जल्दी आगमन की सूचना से किसान खरीफ फसल विशेषकर धान की बोनी की तैयारी में जुट गए हैं। खेतों की जोताई, समतलीकरण, साफ-सफाई आदि कार्य अंतिम चरण में हैं। लेकिन खाद की अनुपलब्धता के कारण किसान उत्पादन को लेकर चिंता में डूबे हुए हैं। मामले में पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि सोसायटी में खाद की अनुपलब्धता सरकार की कृषि नीति की असफलता को दर्शाता है। यदि किसानों को समय पर कृषि संसाधन नहीं मिले तो वे उचित उत्पादन नहीं ले पाएंगे। शासन को इस विषय पर त्वरित ध्यान देने की आवश्यकता है।

**आयोजन :** गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम भाठागांव बी में मनाया गया सुशासन तिहार

# समाधान शिविर के जरिए आमजन की समस्याओं का हो रहा समाधान





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव बी में सुशासन तिहार के अंतिम चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने सुशासन तिहार के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। चन्द्राकर ने कहा कि आने वाले समय में हम सभी को सुशासन तिहार का दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा।

जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आम जनता के समस्याओं को निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित कर जन आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु इस सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। आनंद ने कहा कि आम नागरिक सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान प्रस्तुत किए गए आवेदनों के अलावा आवश्यकता पड़ने पर समाधान शिविरों में भी अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। शासन–प्रशासन द्वारा उन आवेदनों के समुचित निराकरण हेतु उचित कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू ने सुशासन तिहार को आम जनता के बीच पहुँचकर उनके वास्तविक मांगों और जरूरतों को समझने का अत्यंत कारगर माध्यम बताया। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष नितेश मोंटी यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सुशासन तिहार की सराहना करते हुए इसे राज्य शासन के अत्यंत जनकल्याणकारी एवं लोकहितैषी पहल बताया।





शिविर में हितग्राहियों को अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव बी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 170, राजस्व विभाग को 52, समाज कल्याण विभाग को 43, खाद्य विभाग को 29, श्रम विभाग को 17 एवं अन्य विभागों सहित कुल 379 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

### किया गया पौधरोपण

इस अवसर पर चन्द्राकर ने जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद एवं अन्य अतिथियों द्वारा स्थल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया।

### ये रहे उपस्थित

शिविर में हितग्राहियों को अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव बी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 170, राजस्व विभाग को 52, समाज कल्याण विभाग को 43, खाद्य विभाग को 29, श्रम विभाग को 17 एवं अन्य विभागों सहित कुल 379 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

# सिर्राभांठा में वर्चस्व की लड़ाई में बैगा की हत्या करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम सिर्राभाठा मे बैगा की हत्या के मामले मे हत्या का कारण वर्चस्व की लड़ाई सामने आई है, वर्चस्व की लड़ाई में एक बैगा ने दूसरे बैगा की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने तीव्र कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया।

- आरोपियों को न्यायालय ने न्यायिक रिमांड में भेजा

### क्या है मामला?

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले मे 26 मई को ग्राम सिर्राभांठा के बेलू राम ठाकुर पिता स्व. राम दयाल ठाकुर 51 वर्ष ने ग्राम सिर्राभांठा के बैगा पुनीत राम ठाकुर की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराया, प्रार्थी ने बताया कि ग्राम के तिहारू राम निषाद ने अपने घर में पूजा पाठ के लिये ले पुनीत राम ठाकुर को गये थे तथा दुसरे गांव से 02–03 व्यक्ति को भी लाये थे, जो उसके घर पूजा पाठ करने के लिये आये हुये बैगा एंव 02–03 लोगो के द्वारा चाकू से मारकर पुनीत राम ठाकुर की हत्या कर दिये है, रिपोर्ट पर धारा 103(1), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**सबूत बरामद, सभी गिरफ्तार:** आरोपीगण तिहारू राम निषाद, कमलेश ▸▸ शेष पेज 13पर

### हत्या में सामूहिक संलिप्तता

विवेचना के दौरान आरोपी आरोपियो मे ग्राम सिर्राभांठा चौकी हल्दी, थाना गुण्डरदेही, जिला बालोद निवासी तिहारू राम निषाद पिता अमरू राम निषाद 35 वर्ष, ग्राम कमरौद, थाना गुण्डरदेही, जिला बालोद निवासी कमलेश निषाद पिता राजेन्द्र निषाद 34 वर्ष, ग्राम सुरडोंगर थाना डौण्डी, जिला बालोद निवासी अजीत मंडावी पिता नाहल सिंह मंडावी 37 वर्ष, ग्राम काड़े थाना डौण्डी, जिला बालोद निवासी चतुर निषाद पिता गुहाराम निषाद, उम्र 55 वर्ष, ग्राम सिर्राभांठा चौकी हल्दी, थाना गुण्डरदेही, जिला बालोद धनेश्वरी निषाद पति तिहारू राम निषाद 32 वर्ष से पुछताछ करने पर बताये कि 26 मई को तिहारू राम निषाद के घर में बंधन पूजा पाठ के दौरान गांव के बैगा पुनीत राम ठाकुर को बुलाये थे, जहां पुनीत राम ठाकुर एवं ग्राम सुरडोंगर निवासी बैगा अजीत मंडावी के मध्य एक दुसरे ने अपने आप को बड़ा बैगा होना कहकर लड़ाई झगड़ा, गाली गालौज एवं धक्का मुक्की हुये उसी दौरान आरोपी तिहारू राम निषाद, चतुर निषाद व कमलेश निषाद ने पुनीत राम ठाकुर के हाथ पैर को पकड़कर रखे थे एवं आरोपी अजीत मंडावी ने अपने साथ पूजा के लिये लाये एक लोहे की धारदार चाकू से पुनीत राम ठाकुर के गले में बांये तरफ प्राण धातक हमला कर हत्या कर दिये, हत्या के पश्चात खून लगे चाकू को साक्ष्य छुपाने की नियत से तिहारू राम की पत्नि धनेश्वरी निषाद ने पानी से धोकर अजीत मंडावी को वापस दी।

# देवरी-द में सड़कों पर अवैध कब्जा, बारिश से जलजमाव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/निकुम

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम देवरी द में चौक में मोंहदीपाठ से देवरी द व देवसरा देवरी द, चीरचार सड़क लोक निमार्ण विभाग व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़क बनी है, वही मुख्य चौक पर दोनो सड़के क्रास हुई है, लेकिन चौक में अतिक्रमण कर सड़को पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, कार्यवाही नही होने से ग्रामीणो के हौसले बुलंद है। जिससे लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। वही दोनो सड़क पर पाइप लाइन नही होने से डेढ़ फीट तक पानी जाम हो जाने के कारण राहगीरो को हादसे का भय बना रहता है, पानी जाम होने से कई प्रकार की बीमारियो व जहरीले जीवजंतु का खतरा बना रहता है, वही संबधित विभाग के अधिकारियों को ग्राम सरपंच दीपिका ठाकुर से समस्याओं से अवगत कराया, लेकिन समस्या जस की तस बनी है, अभी तो बारिश ने कदम रखा है, पूरे बरसात में समस्या बढ़ जायेगी, गौर हो समीपस्थ ग्राम खुर्सीपार में बीते सप्ताह में उल्टी दस्त के आधा सैकड़ा मरीज बीमार पड़ गये, वही मार्ग मे जाम पानी खुलेआम बीमारियो को न्यौता दे रहा है।

- सरपंच ने दी जानकारी, लेकिन विभाग मौन
- अतिक्रमण हटाने व नाली निर्माण की मांग तेज

### जनपद सदस्य ने किया भूमि पूजन



**डौंडी**। ग्राम पंचायत चिहरों के सभी आश्रित ग्राम में नया कार्य स्वीकृति में किया भूमि पूजन ग्राम चिहरों दिघवाडी काकड़कसा जिलेवहीं में जनपद सदस्य श्री तुलेश्वर हिचामी ने कहा कि काम खुलने से ग्रामीणों को रोजगार मिलने का अवसर एवं उनकी आवश्यकता की पूर्ति हो रही है कोई विकलांग एवं गर्भवती महिलाओं बुजुर्ग सभी को जिसमें बाहर कमा करने जाने की आवश्यकता नहीं है। ग्रामीणों के लिए काम खुलने पर जनपद सदस्य का सरपंच पंच पंचायत गण सभी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान तुलेश्वर हिचामी सरपंच, कमिथला गावड़े उपसरपंच, धर्मेंद मांडवी पंच, गणेश्वर गावड़े, उमेश कोमरा डाटा आपरेटर, शैलेश देशमुख मेट, टीकम मांडवी, राहुल गावड़े,आत्म राम कोमरा एवं ग्रामीण आदि मौजूद थे।

# पोंड में रेत के अवैध उत्खनन मामले में सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोंड में अवैध रेत उत्खनन की लगातार शिकायते प्राप्त होने पर एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर ने ग्राम पंचायत पोंड के सरपंच के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर ने ग्राम पंचायत पोंड के सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी कर कहा है कि जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोंड में लगातार विभिन्न समाचार पत्रें के माध्यम से ग्राम पंचायत पोंड में अवैध रेत उत्खनन की शिकायते प्राप्त हो रही है। जबकि ग्राम पंचायत पोंड में रेत खदान स्वीकृत नहीं है। रेत उत्खनन कार्य की जानकारी होने के बावजूद भी अधोहस्ताक्षरी को किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गई है और न ही अब तक उत्खनन की रोकथाम हेतु किसी प्रकार की कार्यवाही की गयी है। जिससे अवैध रेत उत्खनन में आपकी भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है। ग्राम पंचायत की सीमा में ▸▸ शेष पेज 13 पर

- एसडीएम गुरूर ने दिखाई सख्ती, पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत दी कार्रवाई की चेतावनी

**एक सप्ताह से राहगीर परेशान, रात में दुर्घटना की आशंका**

# मौसम की मार: बांस की झुकी टहनियों से बाधित परसोदा मुख्य मार्ग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले मे लगातार मौसम मे परिवर्तन देखने को मिल रहा है, जहां आंधी तुफान के कारण पेड़ गिर जाने से मार्ग बाधित की समस्या से लोगो को दो चार होना पड़ता है, जिसके कारण सजग ग्रामीणो की जागरूकता से तुरंत मार्ग को बहाल करने मे मदद् भी मिल रही है, लेकिन ग्राम परसोदा मे आंधी तुफान के कारण मुख्य सड़क मे बांस की टहनीयां सड़क मे झुक जाने के कारण राहगिरो को आने जाने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन बांस की उन झुकी हुई टहनीयो को हटाया नही जा रहा। ज्यादा खतरा रात के समय रहता है। ग्राम परसोदा मे पिछले एक सप्ताह से सड़क पर बांस की टहनीयां आ गई है, लेकिन इसे हटाकर मार्ग बहाल करने का काम न ही ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है और न ही ग्रामीणो द्वारा इस पर कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है, नतीजा यह है कि ग्राम के ग्रामीणो तथा इस मार्ग से आवागमन करने वाले अन्य ग्रामो के व्यक्तियो को मार्ग मे आने जाने के लिए समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रशासन और पंचायत की निष्क्रियता पर नाराज़गी:** जहां दो पहिया वाहन जैसे तैसे मार्ग से निकल भी जा रहे है लेकिन चारपहिया व अन्य बड़े वाहनो को सड़क पार करने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण कई बार बड़े वाहन चालक दूसरे मार्ग से आवागमन करने को मजबूर है।

### प्रमुख मार्ग पर बनी बाधा, ग्रामीणों की अनदेखी

ग्राम परसोदा से निकलने वाला यह मार्ग ग्राम पिरीद, पापरा, बसंतपुर की ओर जाता है तथा इन ग्रामो को जोड़ने के लिए यह प्रमुख सड़क मार्ग है, जिससे होकर ग्रामीण कृशि व दैनिक जरूरतो के सामानो के साथ आवागमन मे काम मे लाते है लेकिन मार्ग मे बांस की टहनीयां आ जाने के कारण लोगो को मुख्य सड़क छोड़कर मार्ग के किनारे से आना जाना करना पड़ रहा है।

**जल्द कार्रवाई नहीं होने पर जनहित होगा प्रभावित:** वही मार्ग के किनारे नाली होने के कारण राहगिरो को लगातार हो रही बारिश के कारण मार्ग मे फिसलन होने के कारण दिन के साथ रात मे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है जिसके कारण जल्द बांस की टहनीयो को हटाकर मार्ग बहाल करने की मांग की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### यूआरएम के कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विभाग के विशाल श्रीवास्तव, आकाश कुमार गुप्ता, नवीन कुमार, रतन कुमार साहू व अशोक शर्मा को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता ने चयनित कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीएम शिशिर शुक्ला, रजत मुखर्जी, एलियास अहमद, भास्कर रॉय, डीएन बेहरा, रणबीर पॉल व सहायक प्रबंधक शिरीन शेक उपस्थित थीं। पुरस्कृत कार्मिकों ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के पुरस्कार से उनका मनोबल बढ़ा है एवं उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

### नवतपा के दूसरे दिन भी हुई बारिश, बढ़ी उमस

**भिलाई।** शहर में आज लोगों को बेमौसम बरसात के सिलसिले के दौरान मानसूनी बारिश का नजारा देखने को मिला। सुबह एक डेढ़ खंड हुई बारिश देखकर लोगों को यूं लगा जैसे बिल्कुल बरसात के मौसम में वर्षा होती है। नवतपा के दूसरे दिन आज खंड वर्षा से दिनभर और फिर रात में में भी चिपचिपी उमसस से लोग परेशान रहे।

### प्रदेश में लागू हो एमएसपी कानून कृषि कार्य को मिले उद्योग का दर्जा

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन किसान प्रकल्प के प्रभारी डॉ. मुरली मनोहर श्रीवास्तव दुर्ग पहुंचे। उन्होंने किसान, मजदूर और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के साथ सर्किट हाउस दुर्ग में बैठक की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वाभिमान आन्दोलन संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिचय और स्वागत की औपचारिकता के बाद डॉ. श्रीवास्त ने केएन गोविंदाचार्य के प्रकृति केंद्रित विकास को किसानों के बीच संवाद के माध्यम से रखा।

# बिना भवन अनुज्ञा के मकान-दुकान बनाने वालों पर होगी कार्रवाई, निगम कराएगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में बिना भवन अनुज्ञा के दुकान-मकान बनाने वालों की अब खैर नहीं है, ऐसे सारे लोगों पर निगम कार्रवाई करेगा। इसके लिए बकायदा सर्वे कराया जाएगा। ऐसे लोगों की सूची तैयार की जाएगी, इसके साथ नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसे लेकर आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निचली बस्तियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद थे।

## आयुक्त राजीव प्रकाश ने बारिश के मौसम को देखते हुए निचली बस्तियों का किया निरीक्षण



### भूमाफिया और दलाल सक्रिय, जिनकी वजह से हो रही अवैध प्लाटिंग, लोग बना रहे मकान

अधिकारियों ने बताया कि प्लॉट बेचते समय भूमाफिया और दलाल सक्रिय रहते हैं, जो गलत जानकारी देकर जमीन बेच देते हैं। जमीन खरीदने वाले मकान भी बना देते हैं, लेकिन उसे क्षेत्र में नाली, सड़क और अन्य सुविधा नहीं होती है, जिससे बाद में परेशानी होती है। इसे देखते हुए निगम ने मकान निर्माताओं से अपील की है कि अपना मकान खरीदने से पहले निगम के भवन अनुज्ञा शाखा, टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग दुर्ग, शासकीय पटवारी कार्यालय आदि से भूखण्ड के वास्तविकता का पता लगा लें। रोड, नाली, एप्रोच रोड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। दलाल, भू-माफिया के बहकावे में न आएं। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, चंदन निर्मलकर, बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि उपस्थित थे।

आयुक्त ने मॉडल टाउन उड़िया बस्ती, पंडित दिनदयाल उपाध्याय आवासीय कालोनी, पुष्पक नगर, आनंद नगर, कोसा नगर, रैश्ने आवास, कैलाश नगर, आर्य नगर कोहका, साकेत नगर, कृष्णा ग्रैण्ड सिटी, आनंद पुरम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मूल रूप से इन स्थानों पर यह समस्या आ रही है कि ज्यादातर प्राइवेट कॉलोनिया डेवलप हो गई हैं, जहां पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक सेवक, पुलिस विभाग, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता एवं व्यापारीगणों के बड़े-बड़े मकान बन गए हैं, लेकिन वहां पर सीवरेज एवं बरसात के पानी का पर्याप्त निकासी की व्यवस्था नहीं है।

## आवारा मवेशियों और एनओसी नहीं मिलने से बढ़ रही परेशानी

# टाउनशिप की समस्या को लेकर जन प्रतिनिधियों ने प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में आए दिन बिजली गुल होने और अन्य बुनियादी समस्याओं के निदान के लिए जन प्रतिनिधियों ने बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने आज बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर रहवासियों की मूलभूत सुविधाओं की कमी पर असंतोष जताते हुए जल्द समाधान के लिए निर्देशित किया।

तीन दिन पूर्व नगर निगम भिलाई के स्वच्छता प्रभारी व पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने भी सेक्टर 7 में बार बार बिजली गुल होने से परेशानी से अवगत कराते हुए पुराने ट्रांसफार्मर व तारों को बदलन की मांग की थी। सोमवार को विधायक श्री यादव ने बिजली की समस्या सहित ज्वलंत नागरिक सुविधाओं की बदहाली को दूर करने पर नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों से चर्चा की।विधायक ने बार-बार बिजली गुल होने की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि गर्मी के इस मौसम में जब बिजली की सबसे अधिक जरूरत होती है, ऐसे में लगातार कटौती से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रांसफॉर्मर की स्थिति, ओवरलोडिंग और लाइन फॉल्ट की नियमित निगरानी करें और जल्द समाधान करें। उन्होंने मानसून सीजन को देखते हुए हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने की बात कही। कहा कि हर वर्ष बारिश से पहले नालों की समय पर सफाई न होने के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं।

## पार्षदों के बाद बीएसपी सीजीएम से मिले विधायक देवेंद्र यादव

**खास बातें**

- अधिकारियों के साथ हुई अहम बैठक में बिजली गुल होने और एनओसी नहीं मिलने पर जताया असंतोष
- कहा-जल्द हो आवासों का मेंटेनेंस और टारफील्टिंग कार्य
- डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए सफाई पर दिया जोर



### एनओसी नहीं देने से अधूरे पड़े हैं काम

विकास कार्यों के अधूरे पड़े होने को लेकर भी विधायक श्री यादव ने असंतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि कई जरूरी विकास योजनाएं सिर्फ एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) न मिलने के कारण अधर में लटकी हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जल्द सभी रुके हुए प्रोजेक्ट्स के लिए एनओसी जारी करें, ताकि क्षेत्र में विकास की गति बनी रहे। विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिया है कि जनता ने हमें उनके हितों की रक्षा के लिए चुना है। हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें और उन्हें बेहतर जीवन देने के लिए काम करें।

### आवासों में जल्द हो टारफीलि्डंग और मेंटेनेंस

हर साल बारिश के मौसम में टाउनशिप के पुराने आवासों में सीपेज और सीलन की समस्या से रहवासी कर्मचारी और परिवार परेशान रहता है। विधायक ने अधिकारियों से बारिश पूर्व समस्याग्रस्त क्वार्टरों में जल्द टारफील्टिंग कार्य करने अधिकारियों से कहा। कर्मियों को आवासों के लंबित मेंटेनेंस कार्य को भी जल्द करने निर्दिशित किया। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं और कुत्तों से लोगों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए जल्द निदान करें। उन्होंने मौसमी बीमारियों की तैयारी और डेंगू मलेरिया से बचाव पर जोर दिया। लीज नवीनीकरण कार्य में भी तेजी लाने निर्देशित किया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं पर जल्द पहलकदमी की जाएगी।

# उच्च न्यायालय पहुंचा एनजेसीएस का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिसम्बर 24 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा एनजेसीएस में सुधार के लिए दिए गए तीन माह का समय बीत जाने के बाद भी इस्पात मंत्रालय द्वारा कोई कदम नही उठाए जाने के बाद बीएकेएस ने पुनः दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। इस पर कोर्ट ने 14 मई को सुनवाई किया तथा संबंधित पक्षों को नोटिस देकर जवाब माँगा है। मुकदमे की अगली सुनवाई 29 मई को निर्धारित की गई है।

एनजेसीएस में 25 यूनियन प्रतिनिधि में से 15 प्रतिनिधि नामांकित हैं। पाँच ट्रेड यूनियनों को तीन,तीन नॉमिनेटेड सीट का कोटा दिया गया है। यूनियन अपना अपना सदस्य नामांकित करती है। बीएकेएस यूनियन का कहना है किसेल की प्रत्येक इस्पात प्रोडक्शन यूनिट से रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियन का प्रावधान किया गया है। यानी सेल कर्मियों के वास्तविक प्रतिनिधि एनजेसीएस में मौजूद है तो नॉमिनेटेड प्रतिनिधियों की कोई भी जरुरत नही है। श्रम मंत्रालय तथा डीपीई द्वारा दिए गए गाईडलाईन के अनुसार विभिन्न कमेटियों के माध्यम से श्रमिको को प्रबंधन में भागिदारी दी जानी है। सेल स्तर पर सदस्यता सत्यापन नही हुआ है कि किस ट्रेड यूनियन के पास कितने सदस्य हैं भिलाई, सेलम तथा राउरकेला चुनाव में एटक तथा एचएमएस को 100 से कम वोट मिलता है फिर भी इन यूनियनों को तीन नॉमिनेटेड सीट दिया गया है।

- बीएकेएस यूनियन ने की कमेटी में सुधार की गुहार

### एनजेसीएस में नॉमिनेटेड सदस्य

इंकट के जी संजीवा रेड्डी, सत्यजीत रेड्डी/ डीएस पाणिक्कर, वंश बहादुर सिंह, एटक से विद्यासागर गिरी/रमेंद्र कुमार, रामाश्रय सिंह, डी आदिनारायण, एचएमएस के संजय एस बढ़वाकर, राजेंद्र सिंह, सुकांता रक्षित/शसाधर नायक, सीटू से तपन सेन, ललित मोहन मिश्रा, विष्णु मोहंती, बीएमएस डीके पाण्डेय, रंजय कुमार और एम जगदिश्वर राव।

## मैत्रीबाग जू में नन्हें पर्यटकों को शेर और भालुओं का बेसब्री से इंतजार



**भिलाई।** मैत्रीबाग जू में नन्हे पर्यटकों को चिड़ियाघर के प्रमुख जानवर शेर और भालुओं का बेसब्री से इंतजार है। यहां पिछले करीब एक साल से भालू का पिंजरा खाली है और एकमात्र शेर भी उम्रदराज हो चला है। इससे इनका नजारा लेन आए बच्चों को निराश होना पड़ रहा है। मैत्रीबाग में पिछले कई साल से नए वन्य प्राणियों को दूसरे जू से नहीं लाया गया है। इसके चलते आकर्षक वृद्ध जानवरों की मौत के बाद पर्यटकों को निराश होना पड़ रहा है। यहां भालू का कैज खाली पड़ा है। मैत्रीबाग में पांच साल पूर्व तक तीन भालू हुआ करते थे। लेकिन एक एक कर तीनों बूढ़े हो चुके भालुओं की मौत हो गई। इसके बाद अब तक दीगर जू से भालू नहीं लाए गए हैं। पिछले एक साल से एनक्लोजर खाली पड़ा है। इसी तरह यहां एक ही शेर (लायन)बचा है, जो वयोवृद्ध हो चला है। कुछ साल पूर्व तक चार लायन हुआ करते थे। मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा अब तक जानवरों की एक्सचेंज योजना के तहत न भालू ही यहां लाए गए और न ही लायन ही लाए गए हैं। एक मात्र उम्रदराज सिंह के मर जाने के बाद मैत्रीबाग जंगल का राजा विहीन हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि शेर, भालू बंदर ही बच्चों के प्रमुख आकर्षण का केंद्र हुआ करते हैं। इनके बिना जू की शान अधूरी रहती है। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग में जल्द शेर भालू सहित अन्य आकर्षक वन्य प्राणियों को लाए जाने की जरुरत है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के यशवंत का उपन्यास 'दाई' विमोचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी और साहित्यकार यशवंत साहू के छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'दाई' का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल थे। यशवंत साहू में संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के टीएसडी में सहायक महाप्रबंधक हैं। अभनपुर में हुए कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष छग कलार समाज के अध्यक्ष युवराज सिन्हा, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, विधायक संगीता सिन्हा, योगेश्वर सिन्हा, विधायक इन्द्र कुमार साहू, तथा महापौर शशि सिन्हा छग कलार समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

श्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों पर आधारित ऐसे साहित्य से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उपन्यास 'दाई' छत्तीसगढ़ के कलार समाज की कुलदेवी मां बहादुर कलारिन की जीवनगाथा पर आधारित है, जिनका जीवन त्याग, संघर्ष और न्यायप्रियता का अद्वितीय उदाहरण है।श्री साहू इसके पूर्व दसमत'मैं बस्तर स्वर्णिम अतीत', 'वह धरा जहां पर सुर गूंजा' 'संगम', 'राजिम' तथा 'पलायन आदि कृति लिख चुके हैं।

- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सराहा

# सांसद प्रतिनिधि ने 1154 रुपए कम जमा कराया टैक्स, अंतर की राशि जमा कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर निगम रिसाली अपनी आय बढ़ाने के लिए अब फिर से टैक्स का निर्धारण करेगा। अब तक जिन लोगों से निगम संपत्तिकर वसूल कर रही है। उनके घर और दुकानों, व्यवसायिक संस्थानों का फिर से कर निर्धारिण किया जाएगा। स्व विवरणी की जांच की जाएगी। इसके लिए घर और दुकान जाकर नगर निगम के कर्मचारी-अधिकारी फिर से सर्वे करेंगे। पूरा नाप-जोक करेंगे। 40 वार्डो में बने मकान और दुकानों का फिर से कर निर्धारण किया जाएगा। इससे यह होगा कि जो लोग ज्यादा क्षेत्र में मकान व दुकान बना लिए है और स्व विवरणी में कम क्षेत्रफल दर्शाकर टैक्स बचा रहे हैं। वे अब पकड़े जाएंगे और उनसे निगम प्रशासन पूरा टैक्स वसूल करेगा। इसकी शुरुआत सोमवार को मैत्रीनगर से की गई।

निगम की टीम सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर के यहां भी जांच करने पहुंची। उनकी पार्षद पत्नी सुन्दा चंद्राकर ने भी जांच में सहयोग किया। पहले पुराने कर निर्धारण की प्रति उपलब्ध कराते, अधिकारियों को निष्पक्ष जांच का अनुरोध किया। गणना में निर्माण कार्य 66 वर्गफीट अधिक पाया गया। जबकि पहले 1582 वर्ग फीट का टैक्स निर्धारण हुआ था। मतलब 66 वर्ग फीट का टैक्स निगम को नहीं दे रहे थे। लेकिन जांच टीम को अंतर की राशि 1154 रुपए कम थी, जो जमा की गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि संपत्ति कर विभाग को निर्देश दिया है कि वे निगम के 40 वार्डों में टैक्स फिर से निर्धारण करें। तीन माह में इस काम को पूरा करें। जानकारी छिपाने वालों पर कार्रवाई की भी जानकारी दी गई।

- रिसाली के सभी मकान और दुकानों का फिर से होगा टैक्स निर्धारण

# सामान्य सभा को जानकारी दिए बिना शौचालय की जगह बदलने को लेकर जमकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई की विशेष सामान्य सभा बैठक में सोमवार को जमकर हंगामा मचा। पक्ष और विपक्ष शौचालय निaर्माण को लेकर बरती गई लापरवाही को लेकर आपस में भिड़ गए।

सत्ता पक्ष ने इस बात को लेकर नाराजगी व्यक्त कि बिना सामान्य सभा को जानकारी दिए बोरिया गेट के पास सेक्टर-4 में बनाए जा रहे शौचालय की जगह क्यों बदली गई। जबकि सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित होने के बाद इस शौचालय का निर्माण किया जा रहा था। इसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। पक्ष-विपक्ष ने कहासुनी हुई। अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया गया। इसके बाद आयुक्त राजीव पांडेय ने सदन को जानकारी दी कि जिस जगह पर शौचालय की स्वीकृति दी गई थी, वहां विवाद की स्थिति बन रही थी। असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान किया जा रहा था। इसे लेकर थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई, काम भी रुकवाया गया, लेकिन समस्या तस के तस बनी हुई थी। इस वजह से उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर स्थल परिवर्तन कर शौचालय को अर्जुन नगर वार्ड-13 में शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद भी हंगामा होते रहा। सामान्य सभा में महापौर नीरज पाल, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, पीयूष मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## बीएमएस ने बिजली खंभों में बिछे केबल हटाने की मांग की

# टाउनशिप के तालाबों में हो रहा अवैध मछली पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात मज़दूर संघ की बैठक हुई। पदाधिकारियों ने टाउनशिप की समस्याओं का निदान नही होने पर नाराजगी जताई। कहा कि अधिकारियों के अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला झाड़ने से टाउनशिपवासियों की परेशानियां बढ़ रही हैं। सभी समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की गई। यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू की अध्यक्षता में हुई बैठक में आवासीय, बिजली कटौती और तालाबों में अवैध मछलीपालन आदि समस्याओं के के निराकरण की मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि टाउनशिप के तालाबों में अवैध तरीके से मछली पालन किया जा रहा। अफसर ठेकेदारों के साथ मिलकर कई वर्षों से बिना टेंडर मछली पालन कर अवैध कमाई कर रहे हैं। बताया कि बीएसपी के क्षेत्र के बिजली के पोलों में अवैध तरीके से कई प्राइवेट कंपनी संचालक केबल बिछा दिए पर सेल व बीएसपी को कोई टैक्स नहीं दे रहे है। इससे भी सेल को करोड़ों के राजस्व हानि हो रही है। पोल में केबल के तार लगने से बिजली शार्ट सर्किट की समस्या उत्पन्न हो रही है।

टाउनशिप में पिछले कई दिनों से लगातार बिजली कटौती 5 से 15 घंटे तक रहने पर भी प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।ऐसा लग रहा है कि कर्मचारी संयंत्र में 8 घंटे काम करने के बाद जब घर वापस लौटे तब बिजली गुल होने से कर्मचारी हताश व नाराज हैं।

### जर्जर आवासों से दुर्घटना का खतरा

बैठक में पदाधिकारियों ने प्रबंधन से मांग की कि लगातार शिकायत करने के बाद भी कई मकान जो जर्जर हालत में हैं. उनमें निवासरत कर्मियों को दूसरे मकानों में शिफ़्ट किया जाए। लाइसेंस में आबंटित किए गए मकान भी अनफिट हो चुके हैं, रहवासियों को दूसरे मकानों मे शिफ़्ट किया जाएँ। जर्जर आवासों से गंभीर दुर्घटना होने पर ज़िम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क़ानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। बीएमएस ने कहा कि टाउनशिप की समस्याओं का जल निदान नहीं होने पर कर्मचारियों के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### फिट इंडिया सायकल कैम्पेन का आयोजन

दुर्ग। भारतीय खेल विकास प्राधिकरण एवं संचालनालय के निर्देशानुसार सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा खेलों इंडिया लघु कबड्डी ट्रेनिंग सेंटर मर्रा पाटन जिला में फिट इंडिया सायकल कैम्पेन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणजन खिलेश वर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधक समिति मर्रा, संतोष यादव पीटीआई मर्रा एवं कबड्डी प्रशिक्षक भरतलाल ताम्रकार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें खेलों इंडिया सेंटर मर्रा पाटन के कबड्डी खिलाडियों द्वारा देश में होने वाले प्रदूषण को रोकने एवं स्वस्थ रहने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए सायकल रैली निकाल कर संदेश दिया। भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत संचालित खेलों इंडिया लघु कबड्डी सेंटर के खिलाड़ियों ने एक साथ जिले के नागरिकों को अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने एवं प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से सायकल रैली निकाली गई। 22 मई को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 30 को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 30 मई को सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट केम्प में वृंदा इंजीनियर्स प्रालि के 220 पद एवं सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड के 5 पद कुल 225 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी।

### न्यायालय से एसी के केबल की चोरी, शिकायत

दुर्ग। जिला अधिवक्ता संघ ने पुलिस अधीक्षक से एसी के आडटर डोर केबल के चोरी होने की शिकायत की है। जिला न्यायालय परिसर 1000 वर्गफीट की आउटडोर यूनिट की चोरी की सूचना एवं सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने हेतु अनुरोध किया गया है। जिला न्यायालय परिसर स्थित संघ के कक्ष कमांक-04 में लगे नये एसी का आउटडोर यूनिट चोरी हो गया, साथ ही कुछ दिन पहले उसी एसी का आउटडोर यूनिट की कापर पाईप भी भी चोरी हो गया था। कहा है वर्तमान में जिला न्यायालय परिसर, दुर्ग में चोरी की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं।

### झीरम घाटी में नक्सली हमले में मारे गए शहीदों और कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि

भिलाई। झीरम घाटी की दर्दनाक घटना को स्मरण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस रिसाली नगर निगम के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान शहीद हुए जवानों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखा गया। आयोजन में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस घटना में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, विद्या चरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार सहित अन्य 30 से ज्यादा लोगों ने जान गंवाई थी।

# डौंडी लोहारा में लगा समाधान शिविर, लोगों की समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज. डौंडी लोहारा

छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार द्वारा सुशासन तिहार को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में समाधान शिविर लगा कर लोगों के विभिन्न विभागों से सबंधित आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर उसका समाधान किया जा रहा है, इसी तारतम्य में दिनांक 27 मई मंगलवार को नगर पंचायत स्तरीय समाधान शिविर लगाया गया जिसमें नगर के लोगों का समस्याओं का समाधान किया गया।

इस शिविर में सभी विभागों का स्टाल लगाया गया था, जिसका निरीक्षण उपस्थित जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों ने की इस कार्यक्रम में सभी विभाग प्रमुखों द्वारा अपने अपने विभागों की योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी दिया, साथ ही साथ लोगों द्वारा प्राप्त आवेदनों पर निराकरण की भी जानकारी दी गई प्रमुख रुप से राजस्व विभाग द्वारा खाता विभाजन कर किसान किताब व खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड का वितरण किया गया, महिला बाल विकास द्वारा गर्भवती माताओं का गोदभराई व नवजात शिशुओं का अभिनन्दन कर अन्नप्राशन किया गया।

## विभिन्न विभागों के स्टाल लगे, योजनाओं की जानकारी दी गई





### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रुप से अतिथि की आंसदी पर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष व राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष निवेन्द्र टेकाम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, मंडल महामंत्री सोमेन्द्र देशमुख, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, हिरेन्द्र गारकवाड, जसराज शर्मा,नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा उपाध्याय, व सभी पार्षद गण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को देवेन्द्र जायसवाल, निवेन्द्र टेकाम, श्रीमती कुसुम शर्मा व सोमेन्द्र देशमुख ने संबोधित किया, जिसमें विष्णु देव सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया तथा लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार के जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई।

## गड़बड़ी : मंडी सचिव ने कहा- शिकायत के बाद लिया गया फैसला

# विवाद के बाद आखिर मंडी में पांच करोड़ का टेंडर किया गया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कृषि उपज मंडी में करीब पांच करोड रूपए का कार्य निरस्त हो गया है। पिछले दिनों ठेकेदारों द्वारा बगैर पारदर्शिता के टेंडर जारी किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की थी। जिसके बाद मंडी प्रशासन ने टेंडर निरस्त कर दिया है। ऐसी संभावना है कि, सडक व नाली सहित अन्य कार्य के लिए जारी टेंडर अब नए सिरे से पूरी पारदर्शिता के साथ जारी की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि, कृषि उपज मंडी में करीब पांच करोड के टेंडर में गफलत होने की शिकायत नाराज ठेकेदारों ने कलेक्टर से की है। उन्होने लिखित शिकायत में कलेक्टर को बताया है कि, बगैर सार्वजनिक प्रकाशन और वीडियोग्राफी के पांच करोड के टेंडर को गुपचुप तरीके से बांट दिया गया है। ठेकेदारों से छुपाकर बांटे गए टेंडर में प्रतिस्पर्धा नही होने से नाराज कांट्रेक्टरों ने कार्यवाही की मांग की है। कृषि उपज मंडी द्वारा दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु निविदा सूचना जारी किया गया था। जिसका सूचना पत्र लोक निर्माण विभाग द्वारा 13 फरवरी 2025 को जारी किया गया था। उक्त निविदा के अंतर्गत लगभग 5 करोड़ का कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने मिलीभगत की गई। ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि, टेंडर ऐसे अखबार में दिया गया, जिसे किसी को जानकारी तक नही लगी। जबकि विभाग में भी टेंडर की कोई जानकारी चस्पा नही की गई थी। उन्होने कहा कि, टेंडर की सूचना अपने पसंदीदा ठेकदारों को दी गई। ताकि वो आपस में रिंग बनाके कार्यों को आपस में बांट सके।

### खास बातें

- टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नही होने के कारण अटका निर्माण कार्य
- अब बारिश के चलते नही मिल पाएगी आम लोगों को कार्यो की सौगात

### बगैर टेंडर चहेतों को बांटने की कलेक्टर से हुई थी शिकायत



### सूचना चस्पा भी नहीं कराई गई थी

ठेकेदारों ने शिकायत में कहा था कि, रिंग बनाकर चेहते लोगों को काम दिया गया। जबकि प्रदेश के ठेकेदार इसमें शामिल तक नही हुए। टेंडर प्रक्रिया को कृषि उपज मंडी बोर्ड के सूचना पटल में चस्पा किया गया और उक्त कार्यों को अधिकारी और नेता के चुनिंदा ठेकदारों में आपस में बंदरबाट कर लिया गया। जिसकी भनक जब ठेकदारों को लगी तो इसकी जानकारी ठेकदारों ने मंडी के अधिकारियों से मांगा तो उन्होंने जानकारी देने से सीधे मना कर दिया। अफसरों ने जनप्रतिनिधि से मिलने कह दिया। उक्त बात से नाराज ठेकेदारों ने सीधे जिला कलेक्टर को इस व्यापक भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत कर निविदा को निरस्त कर दोषियों पर कार्यवाही की माँग की है। इस दौरान एस ग्रुप के संचालक राहुल सिंह, रवि शर्मा, योगेश जांघेल, राहुल पतील , प्रभात तिवारी, निखिल शर्मा, शुभम सरकार, हेमंत गोयल, प्रशांत अग्रवाल एवं विकास गुप्ता साहित अन्य ठेकदार उपस्थिति थे।

### निरस्त किया गया

मंडी से पूर्व में निकाले गए टेंडर को निरस्त कर दिया गया है। अभी फिलहाल कार्य को लेकर कोई फैसला नही किया गया है। विवाद के चलते कार्य निरस्त हैं।
**-पवन मेश्राम,** सचिव कृषि उपज मंडी दुर्ग

### विवाद की भेंट चढ़ा करोड़ रूपए का कार्य

मंडी प्रशासन द्वारा जारी किया गया टेंडर तीन माह की अवधि के लिए था। लेकिन जनप्रतिनिधि और ठेकेदारों के बीच विवाद के कारण अब यह कार्य बारिश आने से थम जाएगा। इस टेंडर में शहर के महत्वपूर्ण कार्य शामिल थे। जिसमें पुलगाँव बजरंग चौक से बजरंग मंदिर होते हुए शीतला मंदिर तक सीसी रोड व नाली निर्माण, पुलगाँव तिरंगा भवन से राहुल पंडित घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण, पोटियाकला में भुनेश्वर निषाद के घर से रामकुमार निषाद के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, पोटियाकला में आरती राम के घर से गोपाल पटेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, पोटियाकला प्रेम साहू के घर से जितेन्द्र साहू के घर तक तक सी.सी. रोड निर्माण, बधेरा में मोहलाई मुख्य मार्ग से ताम्रकर के घर तक सी.सी. रोड व डब्ल्यू बी.एम. रोड का निर्माण, बघेरा में मोहलाई मुख्य मार्ग से कालिन्द्री साहू के घर तक सी.सी. रोड व डब्ल्यू बी.एम. रोड का निर्माण, बघेरा में गोपाल भवन के आगे से रमन सिंह गौतम के घर तक सी.सी रोड एवं पक्की नाली का निर्माण, कातुलबोड मुस्कान पैलेस से बस डिपो तक सी.सी. रोड निर्माण, कातुलबोड़ में जय कन्नौजिया के घर से हेरिटेज स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण, कातुलबोड के हरिनगर में बनवारी यादव के घर से राघवन्द्र भदौरिया के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, उरला बेलौदी मुख्य मार्ग से राजाराम यादव के मकान तक बजरंग पारा मे सी.सी. रोड निर्माण, उरला में नहर रोढ से पीलिया साहू के मकान से पूजा साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण सहित करीब 26 कार्य शामिल थे।

# बालोद में 583 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम. के. सुर्यवंशी मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत 24 मई को जिले के 18 चिन्हांकित स्वास्थ्य संस्थाओं, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्वक प्रसव पूर्व जाँच एवं जटिल प्रकरणों की समय से पहचान व उपचार किया गया।

जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से चिन्हांकन एवं आवश्यक उपचार की व्यवस्था की गई थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस दौरान 583 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क जाँच किया गया। जिसमें 119 गर्भवती महिलाएं उच्च जोखिम गर्भावस्था की श्रेणी में पाया गया। इन हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को अब विशेषज्ञो के सतत निगरानी में रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि चिन्हांकित गर्भवती महिलाओं का जिला चिकित्सालय में निःशुल्क सोनीग्राफी कराई जा रही है। गर्भावस्था के चौथे से नौवे महीने के बीच महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में जरूरी जॉच, परामर्श और इलाज मुहैया कराया जा रहा है ताकि किसी भी संभावित खतरे को पहले ही पहचान कर उपचार किया जा सके। ग्राम स्तर पर मितानिनों और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको द्वारा घर–घर जाकर गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर उन्हें निर्धारित अस्पतालों तक पहुँचाया जा रहा है।

**निःशुल्क उपलब्ध कराई गई सुविधाएं :** इस दौरान गर्भवती महिलाओ को हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, रक्त, मुत्र जाँच और सोनोग्राफी जैसी सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. शानु नायक तथा राज्य स्तर से डॉ. कुनाल पवॉर, डॉ. संगीता पाटनवर व जिला स्तर से डॉ. जितेन्द्र सिहं जिला नोडल अधिकारी (शि.स्वा.) अखिलेश शर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. अरविन्द मिश्रा जिला सलाहकार की उपस्थिति में अभियान की मॉनिटरिंग की गई।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम धनोरा स्थित शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामले में अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के निर्देश पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई की। बेदखली का आदेश जारी किया गया था, लेकिन वेल्डिंग दुकान के अंदर सामान होने की आशंका के कारण फिलहाल उसे सील कर दिया गया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक घनश्याम चंद्राकर, पटवारी रविकांत परगनिया, माल जमादार (कोटवार) अनूप सिंह तथा पद्मनाभपुर थाना की पुलिस बल मौके पर उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार, नकुल राम साहू पिता इंद्रजीत साहू द्वारा ग्राम धनोरा की शासकीय सड़क (खसरा नंबर 787, रकबा 0.62 हेक्टेयर) की भूमि के 87 वर्गमीटर हिस्से पर अवैध रूप से वेल्डिंग दुकान का निर्माण किया गया है। निर्माण के कारण शिकायतकर्ता प्रवीर पाल के खेत में जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया है, जिससे उन्हें कई वर्षों से परेशानी हो रही है। अवैध कब्जे की शिकायत वर्ष 2021 से कलेक्टर एवं अन्य उच्च अधिकारियों को की जा चुकी है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग द्वारा अब तक अवैध कब्जे को हटाने 6 बार बेदखली नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

### कब्जा हटाने का आदेश दुकान सील

मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि अनावेदक को पूर्व सूचना देने के उपरांत हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक, पुलिस बल एवं आवेदक की उपस्थिति में वादग्रस्त भूमि पर कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। ग्राम धनोरा स्थित खसरा नंबर 787, रकबा 0.62 हेक्टेयर (शासकीय धरसा भूमि) के 87 वर्गमीटर हिस्से पर निर्मित वेल्डिंग दुकान में ताला लगा हुआ पाया गया। दुकान के अंदर सामग्री होने की संभावना को देखते हुए उसे सील कर दिया गया है।

# जिला स्तरीय चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते चार स्वर्ण



भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आमंत्रण पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट चैंपियनशिप महिला-पुरुष सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर कैटेगिरी की प्रतियोगिता उतई में आयोजित की गई थी। 24 और 25 मई को आयोजित प्रतियोगिता में फिटनेस किंग जिम के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक एवं स्ट्रांग वूमेन जीतकर जिम और भिलाई नगर का मान बढ़ाया।

खिलाड़ियों में बलजीत सिंह ने सब जूनियर वर्ग डेडलिफ्ट बेंचप्रेस में शोमाभ घोष ने सीनियर वर्ग बेंचप्रेस में और सिमरनजीत कौर ने सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक स्ट्रांग वूमन का खिताब जीता।सभी खिलाड़ी पिछले कई महीनों से फिटनेस किंग जिम में कोच धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में अभ्यास रहे हैं। कोच श्री सिंह स्वयं कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत कर अपना लोहा मनवा चुके हैं। कोच श्री सिंह ने उम्मीद जताते हुए कहा कि उनके तैयार किए हुए खिलाड़ी भविष्य में इससे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# भाठागांव बी के समाधान शिविर में बुजुर्गों को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा का संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार 2025 के तहत आयोजित हो रहा समाधान शिविर, जन–जन तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का एक सशक्त माध्यम बन गया है। आज बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव बी में आयोजित समाधान शिविर ने एक बार फिर सुशासन की मिसाल पेश की। इस शिविर में बुजुर्ग प्रेमलाल और कचरू राम, को आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्रदान किया गया, जिससे उनके जीवन में स्वास्थ्य सुरक्षा की नई उम्मीद जगी है। आयुष्मान वय वंदना योजना 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए एक क्रांतिकारी पहल है, जिसके तहत पात्र हितग्राहियों को सरकारी और पंजीकृत निजी अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है।





**आधार–आधारित पंजीयन अनिवार्य :** इस योजना के लिए आधार–आधारित पंजीयन अनिवार्य है, जिससे प्रक्रिया पारदशएँ और सुगम बनती है। बालोद जिले में इस योजना के तहत अब तक हजारों बुजुर्गों को लाभ मिल चुका है, और भाठागांव बी के इस शिविर ने इस दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। समाधान शिविर में आयुष्मान वय वंदना कार्ड मिलने पर बुजुर्ग श्री प्रेमलाल ने बताया कि वे लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे, यह कार्ड मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं। अब मैं बिना आर्थिक चिंता के अच्छे अस्पताल में इलाज करा सकूंगा। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को दिल से धन्यवाद देता हूं।

**हर वर्ग के लिए सरकार है संवेदनशीलः बुजुर्ग हितग्राहीः** इसी प्रकार बुजुर्ग कचरू राम ने भावुक होकर कहा कि, हमारे जैसे बुजुर्गों के लिए सरकार ने इतना सोचा, यह गर्व की बात है। सुशासन तिहार ने हमारी आवाज को सुना और हमें यह सुविधा दी है। सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों में आयुष्मान वय वंदना कार्ड के वितरण ने यह साबित किया कि सरकार हर वर्ग, विशेष रूप से समाज के कमजोर तबकों, जैसे बुजुर्गों, की जरूरतों के प्रति संवेदनशील है। भाठागांव बी के इस समाधान शिविर ने न केवल प्रेमलाल और कचरू राम जैसे बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाई, बल्कि यह भी दिखाया कि सुशासन तिहार छत्तीसगढ़ में जनसेवा का नया अध्याय लिख रहा है। यह अभियान न केवल योजनाओं का लाभ पहुंचाने तक सीमित है, बल्कि यह ग्रामीणों के बीच विश्वास और उम्मीद की किरण भी जगा रहा है।

# कचरा फेंकने पर नोटिस जारी के साथ जुर्माना की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आज नगर पालिक निगम दुर्ग के महापौर परिषद की बैठक डाटा सेंटर के सभागार में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में बिन्दुवार 7 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया।

जिसमें प्रमुख रूप से बारिश के पहले पुलगांव नाला में दो तरफ गैंग लगवाकर बेहतर सफाई करवाए, नगर निगम परिसर वाहन शाखा गैरेज में गाड़ियों के रखरखाव के लिए टीन सेट एवं सीमेंटीकरण निर्माण के निर्देश। विद्युत विभाग औधोगिक नगर, दक्षिण जवाहर नगर सोमनाथ मंदिर गार्डन व देशमुख के सामने गार्डन में 14 नग पुराने ट्यूबलर पोल व वार्ड 2 राजीव नगर में 2 पोल और वार्ड 3 मठपारा 3 पोल लगवाने को स्वीकृति मिली है। दुर्ग सीमाक्षेत्र के अंतर्गत बाढ़ आपदा नियंत्रण हेतु कुल 60 वार्डो में 89 दिवस हेतु (01 मई 2025 से प्रारंभ) प्रभावशील सहायक श्रमायुक्त की दर पर अस्थायी रूप से 45 अतिरिक्त कर्मचारी 45 दिन के लिए रखे जाने हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव को पारित किया गया।

बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा संचालित निविदा आमंत्रण, शिफा स्व सहायता समूह पँचशील नगर नयापारा को 3 वर्ष के लिए दिये जाने हेतु पारित किया गया। महापौर ने कहा कि इदिरा मार्केट के सभी दुकानों को रात्रिकालीन दुकान बंद करते वक्त सड़क पर अपना कचरा फेंकने देते है, उनको नोटिस जारी के साथ जुर्माना की कार्वाही करने की बात कही।

## 29 मई से 12 जून तक दुर्ग में चलेगा अभियान

# खेती की बारीकियां बताएंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ 2025 प्रारंभ होने के पूर्व कृषि कार्यों की तैयारी के संबंध में खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीको, किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न विभागीय योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के प्रति जागरूक करने तथा किसानों द्वारा किये गये नवाचार के संबंध में फीडबैक के आधार वैज्ञानिक द्वारा कृषि अनुसंधान की आवश्यक दिशा निर्धारण के उद्देश्यों से चलाया जाना है।

जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन टीमें प्रति विकासखण्ड हेतु बनाई गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2-2 ग्राम प्रति विकासखण्ड एवं जिले में कुल 78 ग्रामों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। प्रत्येक टीम में आईसीएआर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, एफपीओ प्रतिनिधि तथा लखपति, ड्रोन दीदी शामिल रहेंगे।

इन शिविरों में प्राकृतिक तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग, धान की कतार बोनी, डीएसआर मशीन से बोनी, सोयाबीन में उन्नत फसल तकनीक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत समीपस्थ लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से फार्मर आईडी तैयार करने, डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरको उपयोग, फसल चक्र परिवर्तन तथा पराली जलों से होने वाले नुकसान, समस्याओं आदि के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान किसानों से भी मिलेंगे।

- आधुनिक तकनीकी की जानकारी करेंगे साझा

### मुनादी कर किसानों को किया गया आमंत्रित

सभी ग्राम पंचायतों में अभियान का प्रचार-प्रसार और मुनादी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को शिविरों में आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही आईसीटी माध्यमों से किसानों को जागरूक किया जाएगा। अभियान की प्रभावी निगरानी हेतु उप संचालक कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिले के किसानों से अपील की यह है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता कर उन्नत खेती अपनाएं और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लें।

## पेज 11 के शेष

### अंचल में मानसून की आहट ...

निराशाजनक बात यह है कि चिपरा और भर्रीटोला 43 जैसे गोदामों में आज तक एक बोरी खाद भी स्टोर नहीं हो पाया है।

### खुले बाजार से महंगे दाम ...

हैं। सूत्रों के अनुसार, डीएपी की कमी के समाधान हेतु वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग की सलाह किसानों को दी जाएगी। परंतु जब किसानों के पास सीमित संसाधन हों, तब वैकल्पिक उपाय भी बोझ ही साबित होते हैं।

### सिर्रीभांठा में वर्चस्व की ...

निषाद, चतुर निषाद ने पुनीत राम के हाथ पैर को पकड़कर हत्या करने में सहयोग किये है। घटना के समय खून लगे कपड़ो और घटना स्थल से पूजा में उपयोग किये समाग्रियो एंव घटना में हत्या के लिये प्रयुक्त किये गये लोहे के चाकू को जप्त किया गया, तत्पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिगांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

### पोंड में रेत के अवैध ...

आने वाले समस्त संपत्तियों का संरक्षण का दायित्व आपका है, जिसका निर्वहन नहीं किया जा रहा है, जो कि आपके पदीय दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता एवं उपेक्षा है। क्यों न उक्त तथ्यों को देखते हुए आपके विरूद्ध छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत प्रकरण संस्थित करते हुए आपको धारित पद से पृथक कर छः वर्ष के लिये पंचायत अधिनियम के अधीन निर्वाचन, सहयोजन के लिए निर्हित घोषित किया जावे? अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर ने सरपंच को पत्र प्राप्ति के दो दिवस के भीतर अपने समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत नही करने के निर्देश दिए हैं। जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने के स्थिति में उनके विरूद्ध एकपक्षीय निर्णय लेकर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### फर्नीचर दुकान के वर्कर ने उड़ाए 5580, पकड़ाया

**भिलाई।** फर्नीचर दुकान के वर्कर ने ही ड्राज से 5580 रुपए पार कर दिए। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी धनेश डांडे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सनत कुमार पिता भरत लाल उम्र 42 साल निवासी वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण सेक्टर 11 जोन 2 खुर्सीपार की फर्नीचर की दुकान है। उन्होंने शिकायत की थी।

### कैंची से प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

**कुम्हारी।** अपशब्द कहकर चिढ़ाने से मना किया तो कुम्हारी में सुनील उर्फ अण्डा सेन ने कैंची से प्राणघातक हमला कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अमित साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त मालिक राम साहू और अमर साहू के साथ गुपचुप खाने सप्ताहिक बाजार कुम्हारी गया था। गुपचुप खाते समय रात करीब 8:30 बजे आरोपी सुनील उर्फ अण्डा सेन वहां आया। अमर साहू को रेमटा बोलकर चिढ़ाने लगा। मना किया तो मां-बहन की गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी दी। हाथ-मुक्कों से मारपीट की। पास के सेलून से कैंच लाकर अमर के पेट और मालिक राम साहू के बाएं हाथ पर वार कर दिया।

### घोरारी में बन रही थी महुए की शराब, 15 भट्ठियां तोड़ी

**पाटन।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम घोरारी में महुए की अवैध शराब की बिक्री बनाए जाने और बिक्री करने का मामला प्रकाश में आया है। खबर है कि लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने घेराबंदी कर उक्त जगह से 250 लीटर से ज्यादा अवैध महुआ की शराब जब्त की। 2 हजार लीटर से ज्यादा महुआ लहान जब्त किया गया। 15 भट्ठियों को भी तोड़ा गया। इधर घेराबंदी और कार्रवाई के दौरान आरोपी विभागीय टीम को चकमा देकर भाग निकले। बहरहाल इस पूरे मामले में जांच जारी है।

## निधन

### मोतीलाल संचेती



**डौंडीलोहारा।** नगर के सदर लाईन निवासी मोतीलाल संचेती का आकस्मिक निधन हो गया वे कि कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे भाजपा नेत्री आरती संचेती के पापा जी थे।उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में मंगलवार को किया गया।

### पिरोजीत शाहा



**दल्लीराजहरा।** दल्ली राजहरा निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी पिरोजीत शाहा (नेपु ) गुरु मिष्ठान भंडार का सड़क दुर्घटना मे नागपुर के पास आकस्मिक निधन हो गया,वे गोपाल शाहा एवं रिंकू शाहा के भाई थे, उनके निधन की खबर से बंगाली समाज सहित संपूर्ण शहर में शोक की लहर फैली गई।

**विरोध :** घोषणा पत्र में किए वादों के बावजूद सुशासन तिहार में भी नहीं मिला लाभ

# पीएम आवास योजना में भूमिहीन हितग्राहियों की हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- वर्षों से आवेदन कर रहे ये हैं वंचित हितग्राही
- घोषणा पत्र की बात अलग, विभाग की नीति अलग

हमने बनाया है,हम ही संवारेंगे इस मूल उद्देश्य के साथ केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार का स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के हर तबके के लोगों को पक्का आवास का लाभ दिया जायेगा। गत निकाय चुनाव में भी भाजपा संगठन ने अटल विश्वास घोषणा पत्र जारी कर बिजली बिल और समेकित कर पटाने वालो को आवास पात्रता देने की घोषणा की गई, जिससे समेकित कर व बिजली बिल पटाने वाले लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और वे सुशासन तिहार में अपना आवेदन लगाकर पीएम आवास से लाभान्वित किए जाने की मांग किया गया,किंतु संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पट्टाधारियों को ही पात्र बताकर कोई निराकरण नहीं किया गया, ऐसे हितग्राहियों में निराशा छा गई। अब हितग्राही पूछ रहे है कि जो लोग सचमुच भूमिहीन है और वर्षों से घास भूमि पर कब्जा कर आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते जर्जर मकान में रहने मजबूर है और समेकित कर पटाते आ रहे है,उन्हें योजना से कब लाभान्वित किया जाएगा।

डोंडी प्रधानमंत्री आवास योजना के वंचित हितग्राहियों के नाम गोरेलाल सोनी सालिक राम सेन गंधराम रावटे इन्द्रवरतीं रजिया बेगम नासिर खान राधेलाल ओमप्रकाश दामले विमल सोनी गोपाल वैष्णव सोनिया मंडावी सहित 35 आवेदन कर्ता आवास योजना से कई वर्षों से आवेदन कर वंचित है। गौरतलब है कि केंद्र और राज्य सरकार की पीएम आवास योजना 2.0 चल रही है। इस योजना का लाभ फिलहाल केवल पट्टा धारकों को दिया जा रहा है। जबकि 2025 के नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा ने घोषणा पत्र में कहा था कि जो लोग भूमि पर कब्जा कर निकाय को मकान टैक्स और बिजली बिल जमा कर रहे हैं, उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

सुशासन तिहार के दौरान प्रदेश के कई स्थानों से ऐसे भूमिहीन हितग्राहियों ने आवेदन देकर पीएम आवास योजना का लाभ मांगा। मगर विभागीय अधिकारी और इंजीनियरों ने साफ कहा कि योजना 2.0 के तहत सिर्फ पट्टा धारकों को ही लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र की जानकारी उन्हें नहीं है।डौंडी नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतीन चौरका ने कहा कि घोषणा पत्र के अनुसार आने वाले समय में इन हितग्राहियों को लाभ मिल सकता है। भाजपा ने निकाय चुनाव के दौरान विभिन्न अखबारों में व अध्यक्ष प्रत्याशी के विज्ञापन में यह स्पष्ट वादा किया गया है कि भूमि कब्जा कर टैक्स अदा कर रहे लोगों को भी पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा।




**वंचित रह गए हितग्राही**

फिलहाल सुशासन तिहार में प्रदेश के किसी भी भूमि कब्जाधारी हितग्राही की मांग का निराकरण नहीं हुआ ऐसे सभी हितग्राही वंचित रह गए। जबकि सुशासन तिहार से पहले भी विभिन्न शिवरों में भूमिहीनों ने आवेदन लगाया था जिसकी पावती भी वे रखे है। लेकिन सुशासन तिहार से उन्हें बड़ी उम्मीद थी जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों की दो टूक जवाब से सपना धरा का धरा रह गया है। उनका शासन प्रशासन से यही सवाल है कि भूमिहीन होने के चलते वे आवास के वास्तविक पात्र हितग्राही है जिसका लाभ उन्हें कब दिया जायेगा।



# नई बनी सड़क बनी हादसों की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- देवरी से बम्हनी-चीरचार मार्ग पर मुरम बिखराव से दोपहिया वाहन चालकों को खतरा



अंचल में लगातार बारिश हो रही है, सड़को पर बरसात में हादसे होने का खतरा बरसात में बढ़ जाता है, लेकिन सड़क ठेकेदार की लापरवाही व विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से लाखो रुपये से बनी चमचमाती देवरी द से बम्हनी, चीरचार तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में महज पखवाड़े भर बनी नई सड़क राहगीरो के लिए मुसीबत बन गई। वही ठेकेदार ने सड़क के दोनो ओर साइड सोल्डर पर मुरम डालते हुए पूरे डामर सड़क मे मुरम बिखेर दी, जिसके कारण राहगीर फिसल कर गिर रहे, समय रहते सड़को पर फैली मुरम नही साफ किया, तो हादसा होना तय है, वही विभाग के अधिकारियों को जानकारी देने पर भी कुंभकर्णीय नींद में है ऐसा लगता है कि वे किसी बड़ी घटना का मानो इंतजार कर रहे है।

**ग्रामीणों और पूर्व सरपंच ने उठाई आवाज:** ग्राम के पूर्व सरपंच चुकेष्वर साहू ने इस घोर लापरवाही के कारण नई पक्की सड़क दोपहिया चालको मुसीबत बन गई, सड़को से मुरम का हटाये, वही क्षेत्रीय विधायक कुंवर निशाद से शिकायत किया, फिल समस्या जस की तस बनी है। वही ग्राम बम्हनी के ग्रामीण डीपी पटेल ने कहा कि मुरम को सड़क से हटाये।

# अछोली में मनाया गया 628वां कबीर प्राकट्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



समीप के ग्राम अछोली में श्री सद्गुरु कबीर साहेब जी का 628 वां प्रकाटय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महंत श्री मकरंद साहेब जी संत मंडली के साथ चौका आरती सात्विक यज्ञ एवं भजन प्रवचन किये। ग्रामीणों ने भी भजन सत्संग में भारी संख्या में उपस्थिति प्रदान किये। कबीर प्राकट्य दिवस की पुण्यतिथि में डॉ रोशन लाल साहू सद्गुरु कबीर नवयुवक मंडल अछोली के सर्वराकार ने अपना 26 वां रक्त दानकर, जन सेवा ही प्रभु सेवा ही है को अपना मूल मंत्र बताया।

ये रहे उपस्थित सद्गुरु कबीर नवयुवक मंडल के अध्यक्ष शतबदंन साहू, उपाध्यक्ष चुरेन्द्र कुमार साहू,सचिव गेवेन्द्र दास मानिकपूरी, डॉ शिव कुमार साहू, हरीश कुमार सोनबोइर, निर्मल रावटे , मोती कौशिक, ईश्वर हदगिया, जोगेंदर् साहू, ऐनक दास साहू, चैतु राम साहू, किशोरी उर्वसा, पंकज साहू एवं आमीन माता महिला मंडल अछोली श्रीमती कुन्ती बाई साहू, श्रीमति सुनिता साहू , श्रीमती चंचल साहू, श्रीमती अहिल्या मानिकपुरी, श्रीमती बिमला बाई कौशिक, चम्पा बाई रावटे, श्रीमती जानकी बाई भंडारी सहित भारी संख्या में उपस्थित हो कर कबीर प्रकट दिवस में अपनी सहभागिता प्रदान किये। उक्त जानकारी सर्वराकार डॉ रोशन लाल साहू ने दी।

### डोंडी के पीएम श्री स्कूल में लगा समर कैंप

**डोंडी।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी /हिंदी माध्यम विद्यालय डोंडी में 26 मई 2025 से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चो की रूचि, आनन्द जिज्ञासा को पहचानने का प्रयास तथा बच्चों को उनकी अभिरूचि अनुसार कौशल को निखारने का कार्य किया जा रहा है। प्राचार्य श्री के आर हिरवानी द्वारा बच्चों को अलग - अलग विधा में दक्ष, बुदधिजीवीयो से अपनी अभिरुची अनुसार कौशल का विकास करने तथा अपना सर्वांगीण विकास प्रशस्त किया गया है। कैम्प में विजय बोरकर के द्वारा नृत्य, आर्ट एवम पेंटिंग एवं सुश्री लोपा साहू के द्वारा कम्प्यूटर कोडिंग और गायत्री मैडम के द्वारा स्पोकन इंग्लिश की जानकारी प्रदान किया जा रहा है। साथ ही शिक्षकों द्वारा योग मैडिटेशन आर्ट एन्ड क्रॉफ्ट, जुम्बा, गणित, अभियोग्यता तथा तर्क शास्त्र, कम्प्यूटर आदि विषयो पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा ।

# गायत्री शक्तिपीठ में जारी व्यक्तित्व निर्माण शिविर में बच्चों को मिल रहा संस्कार व मार्गदर्शन

## 26 से 30 मई तक चलेगा व्यक्तित्व निर्माण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



गायत्री शक्तिपीठ बालोद में 26 मई से 30 मई तक पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण शिविर चल रहा है जिसमे बच्चो के सर्वागिण विकास के लिए विभिन्न प्रबुद्वजनो द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र को दुष्यंत कोलियर ने बताया, बच्चे अपनी स्मरण शक्ति कैसे बढ़ा सकते है उसके उपाय मिलन सिन्हा ने बताया, विद्यार्थी जीवन एवं सांसारिक जीवन मे सफलता के सूत्र दुष्यंत कोलियर ने दिया।

कर्मफल का सिद्धांत को मिलन सिन्हा ने बताया तथा उन्होने नादयोग ढ़फली, ब्रह्मचर्य साधना की जानकारी व मार्ग दर्शन दिया। व्यक्तित्व निर्माण शिविर में 105 बच्चे और गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित थे। गायत्री शक्तिपीठ बालोद द्वारा नशा उन्मूलन रैली 28 मई को दोपहर 3 बजे गायत्री शक्तिपीठ से जय स्तंभ से मुख्य मार्ग पर जाएगी। जिसमें नशेड़ी लाल का दाह संस्कार किया जाएगा सभी समाज के लोगों को इस अभियान में सम्मिलित होने की अपील गायत्री परिवार ने किया है।

# हरिनाम संकीर्तन और भगवद्गीता वितरण अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





इस्कान गुरूर द्वारा नगर के साथ आस पास के क्षेत्रे मे इस्कान के तहत विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। इस नश्वर भौतिक जगत में, हरिनाम संकीर्तन और श्रीमद् भगवद्गीता के दिव्य उपदेशों के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से, इस्कान प्रचार केंद्र गुरुर, श्री भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज के शिष्य केशव सखा दास के नेतृत्व में मानवता की सेवा हेतु सतत प्रयासरत है।

केशव सखा दास ने बताया हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि जीवन की सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान भगवान श्रीकृष्ण से अपने टूटे हुए संबंध को पुनः जोड़ना है। जब यह संबंध जुड़ता है, तो जीवन में सच्चा सुख, शांति और तृप्ति अपने आप आ जाती है। इस पवित्र उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए, हम अधिक लोगों को इस दुर्लभ मानव जन्म के महत्व को समझाने तथा उन्हें भक्ति मार्ग पर अग्रसर करने के लिए अपने कार्यक्रमों का विस्तार कर रहे हैं। जिसके तहत समिति द्वारा हर शनिवार गुरुर में व हर रविवार धोबनपुरी में हरिकिर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत इन स्थानों मे हरिनाम नगर संकीर्तन, भगवान के पवित्र नामों का कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण, जिसमें सभी स्थानीय जनों को आमंत्रित किया जाता है कि वे हमारे साथ मिलकर नाचें, गाएं और पुण्य अर्जित करें। श्रीमद् भगवद्गीता एवं अन्य आध्यात्मिक ग्रंथों का वितरण जनमानस को कर कृष्णभावनामृत की ओर प्रेरित किया जा सके। खिचड़ी प्रसाद वितरण संकीर्तन के उपरांत सभी उपस्थित भक्तों एवं नागरिकों को प्रेमपूर्वक श्रीकृष्ण प्रसाद प्रदान किया जाता है। भक्ति–वृक्ष कीर्तन उत्सव के तहत प्रत्येक रविवार, भक्ति–वृक्ष कार्यक्रम के अंतर्गत हम विभिन्न भक्तों के घरों में जाकर कीर्तन, भगवद्गीता पर प्रवचन, प्रश्न–उत्तर सत्र करते हैं। यह कार्यक्रम रोटेशन के आधार पर अलग–अलग घरों में आयोजित होता है, जिससे परिवारिक वातावरण में भी भक्ति का विस्तार हो सके। कीर्तन सेवा के तहत इस्कान प्रचार केंद्र, गुरुर, भक्तों के आमंत्रण पर उनके घर जाकर कीर्तन सेवा भी करता है।

यह सेवा जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगाँठ, वर्ष श्राद्ध या किसी दिवंगत आत्मा की स्मृति में या बिना किसी अवसर के भी, केवल घर को श्रीनाम के द्वारा पवित्र करने हेतु की जाती है। उन्होने कहा समिति का उद्देश्य केवल उत्सव पर कीर्तन करना नहीं, बल्कि हर घर को श्रीनाम से पवित्र करना है। इस्कान का वैश्विक उद्देश्य है कि अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ का मिशन मे भगवान श्रीकृष्ण के पवित्र नामों का प्रचार, भगवद्गीता एवं श्रीमद्भागवतम जैसे दिव्य ग्रंथों का वितरण, कृष्णभावनामृत पर आधारित शिक्षा देना, श्रीकृष्ण प्रसाद, युवाओं के लिए कार्यक्रम तथा समाज सेवा, भक्तों को भक्ति के पथ पर प्रशिक्षित करना है।

# अर्जुंदा, पटेली और बोरिदकला में समाधान शिविर 28 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाने शुरू की गई सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत बुधवार, 28 मई को बाजार चौक अर्जुंदा एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पटेली के बाजार स्थल और गुरूर विकासखण्ड के स्कूल मैदान बोरिदकला में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर पंचायत अर्जुंदा के समाधान शिविर में नगर पंचायत अर्जुंदा के समस्त वार्डवासियों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन गावों के निवासी होंगे शामिल इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पटेली में आयोजित शिविर में पटेली के अलावा ग्राम पचेड़ा, पेण्ड्री, घोटिया, सिंघोला, बेलोदा, मंगलतराई, भरएँटोला 36, ढोरएँठेमा, कुंजकन्हार, ठेमाबुजुर्ग, सिंगनवाही, बोरगांव के निवासी शामिल होंगे। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोरिदकला में ग्राम बोरिदकला सहित मिरएँटोला, आनंदपुर, बागतराई, चंदनबिरही, उसरवारा, कुम्हारखान, चिटौद, बोरिदकला, बालोदगहन, गुड़गहन, भेजामैदानी के निवासी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा।

### अवैध मुरुम खनन का कारोबार, विभाग अनजान

**बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में इन समय सुखे डबरी व तालाबों से अवैध मुरूम खनन ठेकेदार द्वारा जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में खनिज विभाग अनजान है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अधिकांश डबरी व तालाब सूख चुके हैं, वहीं जेसीबी से अवैध मुरूम खनन का कार्य क्षेत्रों में जोर शोर से किया जा रहा है। इस अवैध मुरूम खनन कारोबार की कार्यवाही नही होने से क्षेत्र के ठेकेदारों के हौसल और बुलंद होते जा रहे है। साथ ही साथ अवैध मुरूम खनन कर ठेकेदार मोटी रकम अर्जित कर खनिज विभाग को चूना लगा रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**94 करोड़ की लागत के बावजूद सड़कों की हालत खराब**

# डोंडी ब्लॉक में घटिया सड़क निर्माण से परेशान ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

वर्ष 2022–23 में केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी के छत्तीसगढ़ दौरे के बाद डोंडी से झलमला तक करीब 94 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। यह कार्य ग्रामीण क्षेत्रों की सुविधा और विकास को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत किया गया था, जिसमें हर गांव में नाली निर्माण की भी योजना शामिल थी, ताकि बारिश के पानी की समुचित निकासी हो सके। लेकिन आज, दो वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद न तो नालियों की सफाई हुई, न ही गांवों में जलभराव से राहत मिली। घटिया निर्माण, नाली की अनदेखी और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों एवं ठेकेदारों की मिलीभगत ने इस योजना की साख पर सवाल खड़ा कर दिया है।



### गांव-गांव में जलभराव, व्यापारियों को हो रहा लाखों का नुकसान

घोटिया बस स्टैंड क्षेत्र के व्यापारियों का कहना है कि हर साल बारिश में दुकानों में पानी भर जाता है, जिससे उन्हें लाखों का नुकसान झेलना पड़ता है। नाली न बन पाने के कारण पानी की निकासी संभव नहीं है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

### बाउंड्री वॉल पर कार्रवाई, लेकिन घटिया निर्माण पर चुप्पी

स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि जब स्कूल की बाउंड्री वॉल का मामला आता है, तो विभाग 20-30 पुलिस बल लेकर तोड़फोड़ के लिए पहुंच जाता है, परंतु जब 94 करोड़ की लागत से बनी सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगती है, तब कोई अधिकारी उसे देखने तक नहीं आता। ग्रामीणों का आरोप है कि कमिशनखोरी और भ्रष्टाचार के चलते पूरे ब्लॉक में घटिया निर्माण कार्य हुआ है।

### निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनियमितता और नाली सफाई में हुए घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच निष्पक्ष हो, तो कई बड़े नाम सामने आएंगे जो इस बंदरबांट में शामिल हैं।

